# गौ सेवा में थोड़ा लगा ले

*Lyrics | Krishna Bhajans*

गौ सेवा में थोड़ा लगा ले प्राणी ध्यान रे॥
झूठी जग की माया प्रभु का ही सच्चा नाम।

गौ माता की सेवा ही सबसे बढ़कर काम है।
गौ माता की सेवा से खुश होते भगवान रे॥
गौ सेवा में थोड़ा लगा ले प्राणी ध्यान रे....

मोटर बग्घी बंगला न साथ तेरे जा पाएँगे।
सखा भ्रात सुत नाती इस धन को व्यर्थ गवाएंगे।
इस दौलत को प्यारे तूँ क्यों करता बेकार रे॥
गौ सेवा में थोड़ा लगा ले प्राणी ध्यान रे....

न साथ में कुछ तूँ लाया, न साथ में कुछ ले जायेगा।

मुट्ठी बांधे आया है ओर हाथ पसारे जायेगा।
पूंछ पकड़कर गौ की कर वैतरणी पार रे॥
गौ सेवा में थोड़ा लगा ले प्राणी ध्यान रे....

जनम मनुष्य का पाया, नेक काम कोई तूं कर ले।
कहता है ये गौ प्रेमी, तू नेह गऊ से कर ले।
गौ माता की सेवा से भरते हैं भण्डार रे॥
गौ सेवा में थोड़ा लगा ले प्राणी ध्यान रे....

**Source:**

https://www.bharattemples.com/gau-sewa-me-thoda-lga-le-prani-dhyan-re/

# Bharat Temples

GET IT ON Google play

**Complete Bhajans Collections**
**Download Free Android App**

https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube:
https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw